‘कोसी बेसनि वकिास परयिोजना’ के तहत बाढ़ प्रभावति क्षेत्र में सड़क और पुल का होगा नरि्माण

चर्चा में क्यों?

11 अप्रैल, 2023 को मीडयिा से मलिी जानकारी के अनुसार वत्तिीय वर्ष 2023-24 के दौरान कोसी के बाढ़ प्रभावति लोगों के जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाने के लयि 277 करोड़ रुपए की राशि से ‘कोसी बेसनि वकिास परयिोजना’ के तहत सड़क और पुल-पुलयिा का नरि्माण कयिा जाएगा।

प्रमुख बदि्

- ज्ञातव्य है कि विश्वि बैंक संपोषति कोसी पुनर्वास योजना के दूसरे चरण का कार्य मार्च 2023 में पूरा होना था। लेकनि 72% ही काम अभी तक हुआ है, जसि कारण से कोसी पुनर्वास योजना के दूसरे चरण के कार्य को 15 महीने का वसि्तार दयिा गया है। अब इस योजना को जून 2024 तक पूरा कयिा जाएगा।
- राज्य सरकार ने कुशहा तबाही के बाद कोसी के पुनर्नरि्माण की योजना बनाई है। इसके तहत कोसी क्षेत्र और यहाँ के लोगों को त्रासदी से बाहर नकिालने और वकिास के लयि वशि्व बैंक ने 67% और बहिार सरकार 33% की फंडगि की है।
- इस योजना के पहले चरण के अंतर्गत वशि्व बैंक की मदद से 15 सतिंबर, 2010 को बहिार कोसी बेसनि वकिास परयिोजना की शुरूआत हुई, जसिके तहत सहरसा, सुपौल और मधेपुरा के 21 प्रखंडों में 31 दसिंबर, 2018 को वकिास कार्य समाप्त हो चुका है।
- वदिति है कि 18 अगस्त, 2008 को नेपाल के कुसहा गाँव के समीप लगभग दो कलिोमीटर की लंबाई में कोसी नदी की धारा बदल लेने के बाद कोसी बाँध के बह जाने से नेपाल के 34 गाँव समेत पूर्वोत्तर बहिार के 441 गाँवों की बड़ी आबादी बाढ़ की चपेट में आई थी। सरकारी आँकड़ों के अनुसार इस बाढ़ से सहरसा ज़लि में 41, मधेपुरा में 272 और सुपौल ज़लि में 213 लोगों की मौत हुई थी।
- कोसी बेसनि वकिास परयिोजना के दूसरे चरण का काम इस समय मात्र 72 फीसदी ही पूरी हो पाया है, बाकी बचे शेष 28 फीसदी काम का तीन महीने में पूरा होने की संभावना नहीं के बराबर है। इसलयि इस योजना के वसि्तार का नरि्णय लयिा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/roads-bridges-to-be-constructed-in-flood-affected-area-under-kosi-basin-development-project